Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 08-08-2005

Participants : Suman Shri Ramji Lal

>

Title : Need to take steps for proper upkeep and maintenance of Baba Rajendra Prasad's 'Samadhi' at Patna.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : अध्यक्ष महोदय देश के प्रथम राट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की पटना के ऐतिहासिक बांसघाट के बगल में निर्मित महान विभूति की चिरनिद्रा नशेडियों का आरामगाह और जुआरियों का अड्डा बन गयी है। बिहार के तत्कालीन मुख्य मंत्री विन्देश्वरी दूबे के प्रयासों से 3 दिसम्बर, 1985 को डॉ0 राजेन्द्र उद्यान का उदघाटन किया था और कहा था कि यह समाधि आने वाली पीढ़ी को राजेन्द्र बाबू के संर्घा और तपस्या से प्रेरणा लेने का साधन बनेगी। हकीकत यह है कि राजेन्द्र बाबू की समाधि के आसपास आवारा पशुओं, रिक्शा चालकों तथा ठेले वालों का जमावड़ा रहता है, शाम होते ही यहां जुआरियों और उसके बाद नशेडियों व अफीमचियों की महफिलें जमने लगती हैं। मैं सदन का ध्यान आकर्िात करते हुए सरकार से अपेक्षा करता हूं कि राजेन्द्र बाबू की समाधि पर होने वाले अवांछनीय तत्वों के जमावड़े को अविलम्ब समाप्त करके इसके रख-रखाव की समुचित व्यवस्था की जाये।